बिहार बाल भवन 'किलकारी'

बिहार बाल भवन 'किलकारी' एक ऐसा परिसर है जिसमें बच्चों को सभी सुविधा उपलब्ध कराया जाता है जिससे वे घर या स्कूल में वंचित रह जाते हैं। बिहार बाल भवन 'किलकारी' का स्वरूप मनोरंजन एवं शैक्षणिक केन्द्र के रूप में विकसित किया जाता है। बाल भवन के द्वारा बच्चों को मनोरंजन एवं उनके स्वभाव के अनुरूप सृजनात्मक क्षमता के विकास के लिए विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाता है।

बिहार बाल भवन 'किलकारी' में प्रत्येक वर्ष माह अप्रैल से बच्चों का निबंधन किया जाता है। निबंधित बच्चे अपनी अभिरूचि के अनुसार नियमित रूप से विभिन्न विधाओं योग, शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय संगीत, सृजनात्मक लेखन, लोकनृत्य, नाटक, चित्रकला, हस्तकला, खेलकूद इत्यादि में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।